स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 28.09.2017

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

"स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2017 को पूरे वार्डों में होगा स्वच्छता मतदान

भिलाईनगर/ भारत सरकार द्वारा स्वच्छता को जन आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2017 तक "स्वच्छता ही सेवा" अभियान नियमित रूप से सभी वार्डों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी है।

इसी अनुक्रम में दिनांक 01 अक्टुबर 2017 को नगर पालिक निगम भिलाई के सभी 70 वार्डों में प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता मतदान के लिए गुप्त मतदान आम नागरिकों द्वारा किया जायेगा। इस मतदान में उन हितग्राहियों के नाम से मत डाले जायेगें। जो खुले में शौच का उपयोग करते है। इस हेतु सभी वार्डों के लिए मत पेटियॉ तैयार की गई है। मतदान का समय प्रात 8 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतदान के पश्चात् वार्डवार मतों की गिनती वार्ड में नियुक्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा की जावेगी। जोन के जोन आयुक्त द्वारा पीठासीन अधिकारियों के रूप में 01–01 सुपरवाईजर एवं उनके सहायकों की नियुक्ति वार्ड स्तर पर किया गया है। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के.एल.चौहान ने आम नागरिकों से अपील की है कि 01 अक्टुबर 2017 को मतदान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेवें तथा आम नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ऐसे व्यक्ति जो खुले में शौच का उपयोग करते है, उन्हें मतदान के माध्यम से खुले में शौच करने से रोकने का प्रयास करें।

जन सम्पर्क अधिकारी